तापमान

अधिकतम 27 डिग्री
न्यूनतम 12 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि

रायपुर, शुक्रवार 16 जनवरी 2026



09 राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय एकात्मता का ...




10 साइबर ठगों ने शिक्षकों को बनाया निशाना






## खबर संक्षेप

### रामपुर में मड़ई 17 को

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम रामपुर में ग्रामवासियों के सहयोग से 17 जनवरी शनिवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में चंपा बसंत छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी भकुर्रा का कार्यक्रम रखा है। यह जानकारी सरपंच ऋषि साहू ने दी है।

### कोकड़ी में मेला मड़ई आज

**सिर्री।** ग्राम कोकड़ी (नारी) में ग्रामवासियों के सहयोग से 16 जनवरी शुक्रवार को पारंपरिक मेला मड़ई का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर रात्रि में छत्तीसगढ़ नाचा पार्टी घीना (अर्जुंदा) जिला बालोद की प्रस्तुति होगी।

### कुर्रा में मड़ई मेला 21 को

**कोर्रा(भखारा)।** ग्राम कुर्रा में ग्रामवासियों के सहयोग से 21 जनवरी बुधवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। लोगों के मनोरंजन के लिए रात्रि में छत्तीसगढ़ी नाचा गोपाल बलराम निपानी बालोद की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी तुकाराम पटेल अध्यक्ष, चैतूराम देवांगन कोषाध्यक्ष, प्रभुराम साहू सचिव ने दी।

### लड़ेर में गुहा जयंती 25 को

**मगरलोड।** ग्राम लड़ेर में निषाद समाज द्वारा भक्त गुहा निषादराज की जयंती 25 जनवरी रविवार को मनाई जाएगी। विभिन्न मानस मंडली मंच पर अपनी प्रस्तुति देगी। रात्रि में खेमिन निषाद खम्हरिया नगरी की पंडवानी होगी। यह जानकारी जिला निषाद समाज युवा प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष मोतीराम निषाद एवं लक्ष्मण निषाद ने दी है।

### मोरध्वज महोत्सव आरंग में दर्री की नाट्य मंडली करेगी मंचन

**धमतरी।** ग्राम दर्री (खरेंगा) की स्वतंत्र बाल कला नाट्य मंडली आगामी 16 जनवरी को आरंग में आयोजित मोरध्वज महोत्सव में अपने नाटक का राज्यस्तरीय मंचन करेगी। नाट्य मंडली द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला नाटक मोरध्वज उर्फ शेर का भोजन त्याग, सत्य, धर्म और मानवीय मूल्यों पर आधारित है। इस नाटक के माध्यम से बाल कलाकारों द्वारा प्राचीन कथा को प्रभावशाली अभिनय और सशक्त संवादों के साथ मंच पर जीवंत किया जाएगा।

### चिटौद में भक्त गुहा निषाद राज जयंती 18 को

**पुरूर(धमतरी)।** छग निषाद केंवट समाज परिक्षेत्र फागुनदाह द्वारा शिरोमणह भक्त गुहा निषाद राज जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह ग्राम चिटौद में 18 जनवरी को किया गया है। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू होंगी। अध्यक्षता जनपद सदस्य प्रमिला साहू करेंगी। विशेष अतिथि सरपंच तीरथ यादव, उपसरपंच रमेश ठाकुर, पुरूषोत्तम सिन्हा, सुरेन्द्र तिवारी, परिक्षेत्रीय अध्यक्ष पदुमराम निषाद, उपाध्यक्ष शिवप्रसाद निषाद, कुमारी साहू होंगे। इस अवसर पर ग्राम भानपुरी का छत्तीसगढ़ी राउत नाचा होगा।

### बोहारडीह में गीता जयंती महोत्सव आज

**पुरूर(धमतरी)।** परिक्षेत्रीय कोसरिया यादव समाज द्वारा गीता जयंती महोत्सव का आयोजन 16 जनवरी को ग्राम बोहारडीह में किया गया है। कार्यक्रम प्रातः 10 बजे दीप प्रज्ज्वलन एवं भगवान श्री कृष्ण की पूजा-अर्चना पश्चात राउत नाचा के साथ भव्य कलश यात्र से होगी। मुख्य अतिथि भाजपा युवा मोचा जिलाध्यक्ष आदित्य पीपरे होंगे। अध्यक्षता परिक्षेत्र अध्यक्ष बिसनाथ यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि कोसरिया यादव समाज महासभा के हिमनलाल यादव, सालिकराम यादव, रामेश्वर सिंह यादव, देवव्रत यादव, जितेश्वरी यादव, मीना यादव, सरपंच राजेन्द्रप्रसाद साहू, हेमू नेताम, गोवर्धन साहू, पवन सिन्हा होंगे।

रकबा समर्पण के लिए अधिकारियों पर दबाव

# धान खरीदी कम करने तरह-तरह के जतन

**केस 1**

अछोटा धान खरीदी केंद्र में नगर निगम के सभापति अखिलेश सोनकर के धान को अवैध बताकर जब्त कर लिया गया। उन्होंने बताया कि उनकी 6 एकड़ खेती है। किसी कारण से वे धान बेचने के लिए नहीं गए, परिजन धान बेचने के लिए गए थे, जिनसे जबरदस्ती दस्तखत लेकर धान जब्त किया गया है।

**केस 2**

देमार खरीदी केंद्र की गुरुवार को अधिकारियों ने जांच की और किसानों पर रकबा समर्पण के लिए दबाव बनाया। किसानों से पूछताछ भी की गई कि वे इतना सारा धान कहां से लाते हैं। यही नहीं किसानों के धान का भौतिक सत्यापन भी किया गया है। इसके बाद भी खरीदी केंद्रों में किसानों को परेशान किया जा रहा है।



**छत्तीसगढ़ किसान यूनियन का आंदोलन आज**

धान खरीदी में किसानों की समस्याओं को देखते हुए छत्तीसगढ़ किसान यूनियन ने 16 जनवरी को आंदोलन का ऐलान किया। यूनियन के जिलाध्यक्ष घनाराम साहू ने बताया कि धान खरीदी नीति के चलते शुरू से किसान परेशान हैं। टोकन, खरीदी लिमिट, समितियों में जाम को लेकर किसान पहले से परेशान हैं। अब टोकन काटना पूरा बंद कर दिया गया। भौतिक सत्यापन के नाम पर किसानों को परेशान किया जा रहा है। रकबा समर्पण के लिए भी दबाव बनाया जा रहा है। छग किसान यूनियन की मांग है कि बचे हुए किसानों को टोकन जारी किया जाए। भौतिक सत्यापन के नाम पर किसानों को परेशान न किया जाए। धान खरीदी की समय सीमा में वृद्धि की जाए।

**रकबा समर्पण की जरूरत क्यों**

धान खरीदी का पंजीयन करने से पहले प्रशासन द्वारा बकायदा गिरदावरी करवाई गई थी, जिन खेतों में धान लगा था, केवल उसी का पंजीयन किया गया, ऐसे में जितना रकबा का पंजीयन हुआ है, वे लीगल हैं। अब अधिकारियों पर किसानों से रकबा समर्पण करवाने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। अधिकारी भी हड़बड़ी में किसानों पर रकबा समर्पण के लिए दबाव बना रहे हैं।

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

धान की लगातार बढ़ती खरीदी ने शासन-प्रशासन की नींद उड़ा दी है। अब अधिकारियों पर दबाव बनाया जा रहा है कि वे धान खरीदी जितना संभव हो सके, कम करने की कोशिश करें। इस दबाव के चलते अब अधिकारी भी लगातार किसानों पर रकबा समर्पण के लिए दबाव बना रहे हैं। यही नहीं कई वैध धान को भी अवैध बताकर नहीं खरीदा जा रहा है। धान खरीदी के इसे तरीके से किसान काफी परेशान हो रहे हैं।

इस साल रिकार्डतोड़ धान खरीदी होने का अनुमान है। अच्छा समर्थन मूल्य और उसके साथ बोनस मिलने की उम्मीद में किसान जितना हो सके धान समर्थन मूल्य पर खपा रहे हैं। उधर जितना ज्यादा धान की खरीदी होगी, सरकारी खजाने पर उतना ही बोझ बढ़ेगा। इस बोझ को कम करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। पहले तो अवैध धान को रोका गया। इसके बाद भी खरीदी में ज्यादा कमी आती नहीं दिखी तो नियम इतने ज्यादा टाइट कर दिया गया कि अब धान बेचने आने वाले किसान हद से ज्यादा परेशान हो रहे हैं।

**निगम सभापति का आरोप : वैध धान को बताया अवैध**

बुधवार को ऐसा ही मामला अछोटा धान खरीदी केंद्र में आया। नगर निगम के सभापति अखिलेश सोनकर ने बताया कि उन्होंने अपने परिजनों को धान बेचने के लिए भेजा था। डिप्टी कलेक्टर और नायब तहसीलदार ने इस धान को रेगहा का धान बताते हुए जब्त कर लिया।

# जिले की सभी राइस मिल की एनओसी जांच की मांग



- आम आदमी पार्टी ने कलेक्टर के नाम सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

आम आदमी पार्टी ने जिले की सभी राइस मिल का अनिवार्य रूप से एनओसी चेक करने की आवाज उठाई है।

आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष विनोद सचदेवा, संजय सिन्हा, ललित नागरची, थानेश निर्मलकर, सत्यमपुरी गोस्वामी, मनोज नागरची, पुरोईत बंजारे ने गुरूवार को कलेक्टोरेट पहुंचकर कलेक्टर के नाम डिप्टी कलेक्टर पवन प्रेमी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा है कि जिले में ऐसी कई राइस मिले हैं जो जरूरी एनओसी के बिना चल रही हैं। कई राइस मिल में डस्ट कलेक्शन मशीन नहीं लगी हुई है। कई के पास पर्यावरण विभाग की एनओसी नहीं है। कई राइस मिल अरवा का लाइसेंस लेकर उसना मिल चला रही है। कई उसना का लाइसेंस लेकर अरवा मिल का संचालन कर रही है। इससे आम जनता के स्वास्थ्य पर बुरा असर पड़ रहा है। आये दिन राखड़ राहगीरों की आंखों में जा रहा है और आंखें खराब हो रही है।

आप ने मांग की है कि जिले की सभी राइस मिलों का एनओसी अनिवार्य रूप से चेक किया जाये। जिनके पास एनओसी नहीं है, उसका लाइसेंस रद्द किया जाये।

# बंजारी सरपंच-उपसरपंच पर आचरण संहिता विरूद्ध कार्य करने की शिकायत

- कलेक्टोरेट पहुंचे पंचों एवं ग्रामीणों ने पद से बर्खास्त करने की मांग की

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम पंचायत बंजारी के सरपंच एवं उपसरपंच को आचरण संहिता के विरूद्ध कार्य करने के कारण पद से बहिष्कृत करने की मांग पंचों एवं ग्रामीणों ने की है। ग्राम बंजारी के पंच किरण साहू, वेनिका ध्रुव, ऋतुराज, कमलनारायण, हिरामन बांधे, ललिता साहू, त्रिवेणी, अश्वनी साहू ने अनुविभागीय अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने आवेदन में कहा है कि ग्राम पंचायत बंजारी में विगत दिनों सरपंच एवं उपसरपंच दोनों भागकर उज्जैन चले गए थे। दोनों ने पद पर रहते हुए आचरण संहिता के विरूद्ध कार्य करते हुए गांव को शर्मसार कर दिया है। दोनों के गलत कृत्य से पंचायत बंजारी बदनाम हो रही है। पंचायतराज अधिनियम के तहत सरपंच एवं उपसरपंच को आचरण संहिता के विरूद्ध कार्य करने के कारण पद से बहिस्कृत करने की मांग की गई है। इस संबंध में उपसरपंच ने कहा है कि राजनीतिक द्वेष के कारण कुछ लोग उन्हें बदनाम करने की कोशिश कर रहे हैं। वे उज्जैन यात्रा अपने परिजनों की सहमति से गए थे, जिस पर राजनीति की जा रही है।



**नगरी मार्ग में ग्राम पंचायत भोयना के पास अर्जुनी पुलिस ने की कार्रवाई**

# गांजा तस्करी के कारोबार में अब युवती भी कूदी, युवक के साथ हुई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

पहले गांजा की तस्करी करते युवा तस्कर ही गिरफ्तार किए जाते रहे, अब तस्करी के कारोबार में युवती भी कूद गई। यह पहला मामला है कि जहां गांजा की तस्करी करते युवक के साथ युवती को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार जिले में अवैध मादक पदार्थों एवं अन्य अवैध गतिविधियों के विरूद्ध पुलिस द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में अर्जुनी पुलिस ने अवैध गांजा तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस को मुखबिर से नगरी मार्ग में ग्राम पंचायत भोयना के पास अवैध रूप से गांजे की तस्करी किए जाने की सूचना मिली। पुलिस टीम ने तत्परता दिखाते हुए तत्काल मौके पर पहुंचकर नाकेबंदी कर दी। इस दौरान मोटरसाइकिल में सवार होकर दो लोग आ रहे थे। मोटरसाइकिल में युवक व युवती सवार थे। पुलिस ने मोटरसाइकिल को रोक पूछताछ करने तलाशी ली। उनके कब्जे से 12.538 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। पूछताछ में युवक-युवती ने अपना नाम लीलेशसिंह ठाकुर पिता संतोषसिंह उम्र 27 वर्ष निवासी गोपीबंद पंडरिया जिला कोरबा व तरूणासिंह राजपूत पिता शांतिलाल 26 वर्ष एसईबीएल कॉलोनी सिटी कोतवाली कोरबा निवासी बताया। पुलिस युवती को अवैध रूप से गांजा की तस्करी करते रंगेहाथ पकड़ थाना ले गई। आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट 20/बी के तहत अपराध दर्ज किया गया। पुलिस ने आरोपी लीलेशसिंह ठाकुर व तरूणासिंह राजपूत को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।



**4.43 लाख का गांजा व बाइक जब्त**

इस कार्रवाई में पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 12.538 किग्रा गांजा कीमत 4.43 लाख रूपए, मोटरसाइकिल कीमत 2 लाख 85 हजार 880 रुपए का सामान जब्त किया है। तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की तलाश जारी है।

# काम के दबाव में बीमार पड़ रहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं

- ऐसा काम जिसके बदले कुछ नहीं मिलता, उस कार्य का बहिष्कार करने का ऐलान

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ जुझारू आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका कल्याण संघ ने सम्मान सुविधा प्रणाली एवं आंगनबाड़ी के अलावा अन्य कार्यों का बहिष्कार करने का ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा है।

गुरूवार को संघ की जिलाध्यक्ष रेवती वत्सल के नेतत्व में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कहा है कि सम्मान सुविधा प्रणाली को बंद किया जाए। पोषण एप में आये दिन नया-नया वर्जन का आना व ग्रामीण क्षेत्र में नेटवर्क प्रॉब्लम होने के कारण काम सही समय पर नहीं हो पाता है। उन्हें प्रतिदिन मोबाइल में टीएचआर वितरण, फ्रेश कैप्चर, टीकाकरण जैसे महत्वपूर्ण कार्य करना रहता है।



एसआईआर बीएलओ ड्यूटी में बिना कोई सुविधा के ऑफलाइन कार्य के साथ ऑनलाइन कार्य करने के लिए बाध्य किया जाता है। इससे कार्यकर्ता, सहायिकाएं मानसिक एवं शारीरिक रूप से बीमार हो गईं। बिना कोई राशि या नेट खर्च के बिना दबावपूर्ण कार्य कराया जा रहा है। उनके कार्यों की जो भी राशि मिलती है, वह भी अप्राप्त है। कई कार्यकर्ताओं की उनके मूल निवास से बाहर ड्यूटी लगाई जाती है, उसे रोका जाए। उन्हें आंगनबाड़ी के सिवाय अन्य कार्य नहीं दिया जाए। उन्हें 10 हजार रूपये मानदेय मिलता है। मानदेय काटने की धमकी दी जाती है।

संघ ने कहा है कि पूरे जिले में केन्द्र की मानदेय राशि, पोषण ट्रेकर, सुपोषण चौपाल, मातृत्व वंदना प्रोत्साहन राशि, नेट चार्ज, साफ सफाई का कंटनजेसी सामान, ईसीसी का सामान, प्रतिवर्ष मिलता था। वह 2 साल से नहीं मिला है। वे सभी काम के बोझ में दब गए हैं। विरोध में उग्र कदम उठाने को मजबूर होना पड़ेगा जिसकी जवाबदारी शासन-प्रशासन एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारियों की होगी। संघ ने 15 दिवस के अंदर बीएलओ की राशि, एसआईआर राशि तथा नेट खर्च की राशि नहीं मिलने पर जिला कार्यालय का घेराव करने की चेतावनी दी है। कलेक्टर से उनकी समस्याओं का शीघ्र निराकरण करने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने के दौरान बड़ी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाएं मौजूद थीं।

# चार चाकूबाज पकड़ाये, एक फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

एक युवक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला करने वाले चार चाकूबाज को भखारा पुलिस ने पकड़ा। एक आरोपी फरार है।

उल्लेखनीय है कि भखारा थाना क्षेत्र के ग्राम बोरेंदा निवासी जितेंद्र चक्रधारी पिता भानुराम उम्र 18 वर्ष मंगलवार की शाम दोस्त महेंद्र साहू के निमंत्रण पर ग्राम सुपेला में मड़ई घूमने गया था। मड़ई के दौरान कुछ युवक महेंद्र साहू पिता टीकमराम साहू की दुकान के पास आकर गाली- गलौज कर रहे थे। फोन से सूचना मिलने पर महेंद्र व जितेंद्र अन्य साथी दुकान के पास पहुंचे। वहां पर उन युवकों के साथ महेंद्र का झगड़ा हुआ। बीच-बचाव के बाद विवाद शांत हो गया था। उसके बाद जितेंद्र व लीलेश साहू फैंसी स्टोर में सामान खरीदने रुके थे। तभी आदि साहू ग्राम भेंडसर निवासी, डेमन साहू व पोषण साहू दोनों ग्राम सुपेला निवासी व उसके दो नाबालिग साथी फैंसी दुकान के पास पहुंच अश्लील गालिया दे मारपीट करते हुए अपने पास रखे नुकीले चाकू से जितेंद्र पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में जितेंद्र के जांघ, पीट व सिर पर गंभीर चोट आई है। घायल को भखारा अस्पताल से रिफर करने पर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए घायल युवक का बयान दर्ज कर भखारा पुलिस पांच आरोपियों के खिलाफ धारा 118/1, 191/2, 296, 351/2 के तहत अपराध दर्ज कर तलाश में जुट गई। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल आदि साहू, डेमन साहू, पोषण साहू व उनके एक नाबालिग साथी को हिरासत में ले लिया, वहीं एक आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है।

- सुपेला की मड़ई में हुई थी चाकूबाजी

**कांग्रेसियों ने नगर निगम पर लगाए गंभीर आरोप, तस्वीरों को साफ कर निगम प्रशासन को सौंपा**

# स्कूल के मलबे से निकली महापुरुषों की तस्वीरें बनी विवाद का कारण

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर की पुरानी शाला क्रमांक 1 के डिस्मेंटल कार्य के दौरान महापुरुषों की तस्वीरें मलबे और धूल में दबी मिलने से एक बार फिर विवाद गहरा गया। कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर इसे महापुरुषों का अपमान बताते हुए कड़ा विरोध दर्ज कराया और तस्वीरों को साफ कर नगर निगम प्रशासन को सौंपा।

कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि वर्षों पुरानी शाला क्रमांक 1 को बिना किसी टेंडर प्रक्रिया के तोड़ा जा रहा है। निरीक्षण के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर, स्वामी विवेकानंद, रवींद्रनाथ टैगोर, श्यामाप्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन सहित कई महापुरुषों की तस्वीरें मलबे में पड़ी मिलीं। इसे देखकर कांग्रेसियों ने नाराजगी जताई और तस्वीरों को साफ कर महापौर को सौंपा, जहां दोनों पक्ष के बीच तीखी नोकझोंक भी हुई।






कांग्रेस का आरोप है कि इसके बाद निगम प्रशासन द्वारा इन महापुरुषों की तस्वीरों को कचरा संग्रहण वाहन में डालकर निगम वर्कशॉप भेज दिया गया। जैसे ही यह जानकारी कांग्रेस नेताओं को मिली। नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर सहित अन्य कांग्रेसी कचरा वाहन का पीछा करते हुए निगम वर्कशॉप पहुंचे और कचरे की गाड़ी से तस्वीरों को बाहर निकालकर पुनः साफ कर ससम्मान सुरक्षित रखवाया।

ब्लॉक कांग्रेस शहर अध्यक्ष गौतम वाधवानी एवं नेता प्रतिपक्ष दीपक सोनकर ने आरोप लगाया कि जिन महापुरुषों ने देश की आज़ादी और राष्ट्र निर्माण में अहम योगदान दिया है, उनकी तस्वीरों को उस कचरा गाड़ी में रखा गया जिसमें शहर के 40 वार्डों का कचरा ढोया जाता है। यह सीधे तौर पर महापुरुषों का अपमान है। उन्होंने कहा कि महापौर कैमरे के सामने महापुरुषों की तस्वीरों का सम्मान दिखाते हैं, लेकिन बाद में उन्हें कचरे की गाड़ी में भेज दिया जाता है, जो उनके दोहरे चरित्र को दर्शाता है।

कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि महापुरुषों के सम्मान से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और यदि इस मामले में जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई नहीं हुई तो कांग्रेस उग्र आंदोलन करेगी।

इस दौरान पार्षद योगेश लाल, वातांजलि गोस्वामी, सूरज पासवान, कन्हैया सोनी, देवेंद्र देवांगन, विक्रांत पवार, आशुतोष खरे, तनवीर कुरैशी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### बड़ौदा आरसेटी में टैली प्रशिक्षण 20 से

**धमतरी।** बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान (बड़ौदा आरसेटी) द्वारा 38 दिवसीय टैली प्रशिक्षण 20 जनवरी से प्रारंभ किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण के लिए ग्रामीण युवक-युवतियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। प्रशिक्षण के दौरान एम.एस. आफिस, एम.एस. एक्सल, पावर पाइंट, इंटरनेट एवं टैली (जीएसटी) टीडीएस आईटी रिटर्न फाइलिंग के बारे में जानकारी दी जाएगी। आफिस वर्क ऑनलाइन वर्क, डाटा एण्ट्री वर्क, व्यवहारिक एवं तकनीकी ज्ञान के साथ उद्यमिता संबंधी जानकारी भी दी जायेगी।

### बोरिदकला में हुआ मानसगान सम्मेलन

**पुरूर(धमतरी)।** ग्राम बोरिदकला में तीन दिवसीय मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें क्षेत्र की ख्यातिप्राप्त मंडलियों ने अपनी प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यपालक अभियंता भूपेन्द्र मगेन्द्र, सरपंच लेखबाई सिन्हा, उपसरपंच ईशु मंडावी, नरेन्द्र सिन्हा, जितेन्द्र मगेन्द्र, सोमेन्द्र साहू, शत्रुधन सिन्हा ने किया। कार्यक्रम का समापन जनपद अध्यक्ष सुनीता साहू, जिपं सदस्य तेजराम साहू, अनिल सिन्हा, भाजपा महामंत्री राकेश सिन्हा, दिनेश मगेन्द्र, भुवन सिन्हा, भुनेश्वर ढीमर के आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम में आयोजन समिति के संरक्षक मन्नू सेन, अध्यक्ष डीकेश साहू, उपाध्यक्ष मुरली कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष चतुरसिंह हिरवानी, सचिव नीलकमल सिन्हा, मनोज सिन्हा, कमलकिशोर, योगेश निर्मलकर, बब्बू शेन्डे, प्रियेश मंडावी का योगदान रहा।

### सीएम विष्णुदेव साय आज पखांजूर में

**कांकेर।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 16 जनवरी को कांकेर जिले के पखांजूर के नर-नारायण मेला पर आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, जहां पर उनके द्वारा 2 अरब 84 करोड़ 65 लाख रुपये की लागत के 87 विकास कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया जाएगा। इसमें 02 अरब 78 करोड़ 86 लाख रूपए के 85 विकास कार्यों की आधारशिला तथा 05 करोड़ 79 लाख रूपए के दो कार्यों का लोकार्पण शामिल है, जिनमें विभिन्न सड़क, पुल, सेतु, शिक्षा, जल संसाधन, भवन निर्माण एवं सामाजिक अधोसंरचना से जुड़े कार्यों की सौगात जिले की जनता को मिलेगी।

### ग्रामीण ने फांसी लगाकर दी जान

**कांकेर।** बड़गांव थानांतर्गत पिपली निवास मैनूराम पोटाई पिता स्व. मंगल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

## निधन

### जागेंद्र साहू



**मगरलोड।** ग्राम मेघा निवासी जागेंद्र साहू का आकस्मिक निधन 13 जनवरी मंगलवार को हो गया। वे देवश्री साहू के पति, प्रिंस, वेदिका साहू के पिता, नरेन्द्र साहू के बड़े भैया थे। उनके अंतिम संस्कार में सामाजिकजन एवं ग्रामीणजन शामिल हुए।

---




### कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा, तत्काल मरम्मत की मांग

# पोस्ट ऑफिस भवन जर्जर छत से गिर रहा प्लास्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

नगर स्थित मुख्य डाकघर भवन की हालत बेहद जर्जर हो चुकी है। बीते कई वर्षों से कार्यालय के भीतर छत का प्लास्टर जगह-जगह से उखड़कर गिर रहा है, जिससे किसी भी समय गंभीर हादसे की आशंका बनी हुई है। छत में गहरी दरारें साफ नजर आ रही हैं, वहीं कई स्थानों पर लोहे की सरिया भी बाहर दिखाई देने लगी है, जो भवन की कमजोर स्थिति को दर्शाती है।

डाकघर में प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिक डाक सेवाएं, बचत योजनाएं, डाक जीवन बीमा, स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री, राशि जमा एवं निकासी जैसे आवश्यक कार्यों के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में जर्जर छत के नीचे कर्मचारियों एवं आम नागरिकों का लंबे समय तक खड़ा रहना खतरे से खाली नहीं है। कर्मचारियों के अनुसार कई बार प्लास्टर के टुकड़े नीचे गिर चुके हैं, जिससे कार्यालय में भय का माहौल बना रहता है।

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि भवन की हालत से वे स्वयं को असुरक्षित महसूस करते हैं, लेकिन मजबूरी में उन्हें भीतर जाकर अपने जरूरी कार्य निपटाने पड़ते हैं। आश्चर्य की बात यह है कि विभागीय अधिकारियों को स्थिति से अवगत कराने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।

लोगों ने प्रशासन एवं डाक विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि संभावित हादसे को देखते हुए भवन की तत्काल मरम्मत कराई जाए अथवा वैकल्पिक व्यवस्था की जाए, ताकि कर्मचारियों और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके। यदि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए, तो किसी भी दिन बड़ी घटना से इंकार नहीं किया जा सकता।

## दिव्यांग स्कूल में मनाई गई मकर संक्रांति



हरिभूमि न्यूज ⏭ सिर्री

शांति मैत्री ग्रामीण विकास संस्थान कुरूद द्वारा संचालित दिव्यांग आवासीय विद्यालय सिर्री में 14 जनवरी को मकर संक्रांति का पर्व धूमधाम से मनाया गया। दिव्यांग आवासीय विद्यालय की अधीक्षक मनीषा नेताम सहित स्टाफ द्वारा मूकबधिर एवं दिव्यांग बच्चों को तिल का लड्डू खिलाया गया। बच्चों को पतंग भी दिलाई गई। इस अवसर पर बच्चों ने काफी उत्साह के साथ पतंगबाजी कर खूब आनंद लिया। इस दौरान बालभोज का आयोजन किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता तमन्ना जैन कुरुद द्वारा बालभोज में पूड़ी, बड़ा , भजिया, सब्जी के साथ तिली लड्डू, चॉकलेट, बिस्किट खिलाई गई । बालभोज में विभिन्न प्रकार के व्यंजन पाकर बच्चे काफी खुश नजर आए।

मौके पर जानकी ध्रुव, तोरणलाल तुरकाने, धनेश्वरी साहू समेत स्कूल स्टाफ उपस्थित रहा।

## मड़ेली में गायक अनुराग शर्मा का कार्यक्रम 22 को



हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

**जीजामगांव।** यारों की यारी यूथ ग्रुप एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम मड़ेली में 22 जनवरी गुरुवार को भगवान श्री रामचंद्र की प्राण-प्रतिष्ठा के दो वर्ष पूर्ण होने पर गांव की सुख शांति और समृद्धि के लिए पूजा-अर्चना एवं महायज्ञ का आयोजन रामजानकी मंदिर बाजार चौक में किया जा रहा है। सुबह 10 बजे भव्य कलशयात्रा निकाली जाएगी। दोपहर 12 बजे से महायज्ञ होगा। दोपहर 2 बजे से महाआरती होगी। विशाल भंडारा शाम 5 बजे होगा। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए छग के सुप्रसिद्ध गायक अनुराग शर्मा स्टार नाइट एवं लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम की मनमोहक प्रस्तुति होगी।

## चमेंदा में बाल मेला का हुआ आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



मकर संक्रांति पर ग्राम चमेंदा में शाला परिवार द्वारा बाल मेला का आयोजन किया गया। इसमें प्राथमिक शाला खमनापारा एवं प्राथमिक माध्यमिक शाला करांघाटी के शिक्षक एवं छात्र छात्राएं शामिल हुए। छात्र- छात्राओं ने प्रतीकात्मक देवी-देवता एवं डांग, आंगा देवता बनाकर ग्राम भ्रमण किया। ग्रामवासियों ने जगह-जगह स्वागत किया। इस अवसर पर बच्चों ने मैगी, गुपचुप , ढोकला, चाउमीन, पकौड़ा, मिठाई, सब्जी, नाश्ता सेंटर का स्टाल लगाकर खूब ब्रिकी की

मुख्य अतिथि सरपंच खिलेश्वरी ध्रुव ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। विशेष अतिथि सेवानिवृत्त प्राचार्य नारदराम ध्रुव ने बाल मेला के आयोजन से बच्चों में होने वाले फायदे के बारे में बताया। माध्यमिक शाला करांघाटी के प्रधानपाठक चंद्रहास शांडिल्य ने कहा कि बाल मेला से ग्रामीण संस्कृति को जानने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में जागेश्वर नेताम उपसरपंच, धरम नेताम शाला प्रबंधन समिति अध्यक्ष, द्रौपदी यादव प्रधानपाठक, कामेश्वर साहू संकुल समन्वयक, दिनेश साहू, ललित साहू, हेमपुष्पा साहू, मनमोहन मरकाम, योगिता साहू प्रधानपाठक, भूपेन्द्र सोम, किरण साहू, टिकेश्वरी मरकाम समेत बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन देवेन्द्र साहू प्रधानपाठक माध्यमिक शाला चमेंदा ने किया।

## वार्षिक सम्मेलन में आदर्श विवाह पर दिया जोर



हरिभूमि न्यूज ⏭ पुरी

आदिवासी ध्रुव गोंड़ समाज मुड़ा झिरिया का वार्षिक सम्मेलन ग्राम दोनर में हुआ। मुख्य अतिथि जीवराखन मरई ने अपने उद्‌बोधन में आदर्श विवाह पर बल दिया। मौके पर श्रीमती ईश्वरी नेताम, सुजाता छेदैहा, जयपाल सिंह मरकाम, मंशाराम तुमरेकी, कृष्णा नेताम, मनराखन मरई, खिलेश्वरी नागरची सरपंच, रोशन चन्द्राकर, चुरामन कुंजाम, योगेश्वर छेदैहा, दिलीप ध्रुव समेत अन्य मौजूद थे।

## अपने धर्म के प्रति सच्ची आस्था होनी चाहिए : ममता





हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव

- कचना में शोभायात्रा के साथ श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह शुरू

ग्राम कचना में श्रीमद् भागवत महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का कलश शोभायात्रा के साथ शुभारंभ हुआ।

कथावाचिका ममता दीदी पाठक रतलाम मध्यप्रदेश ने प्रथम दिवस अपने मुखारविंद से कहा कि संत समाज को कथा का लाभ लेना चाहिए और धर्म के प्रति लोगों में सच्ची आस्था होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि आज लोग इधर-उधर भटक रहे हैं। शांति नहीं है। जीवन में शांति के लिए भागवत महापुराण कथा का श्रवण करना चाहिए। कथा सुनने ग्रामवासियों के अलावा आसपास के ग्राम से भी लोग पहुंच रहे हैं।

## युवा अपनी उर्जा का सदुपयोग समाज कल्याण में करें

- भेंडसर के रासेयो शिविर में युवा दिवस मनाया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोर्रा(भखारा)



छग महतारी महाविद्यालय भखारा द्वारा ग्राम भेंडसर में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वामी विवेकानंद जयंती पर युवा दिवस मनाया गया। प्रवक्ताओं ने स्वामी विवेकानंद के जीवन परिचय पर प्रकाश डालते हुए युवा पीढ़ी को अपनी शक्तियों और क्षमता को पहचान कर समाज सेवा में समर्पित होने प्रेरित किया। स्वयंसेवकों ने रंगोली के माध्यम से स्वामी विवेकानंद को जीवंत कर दिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता शिवकुमार साहू ने कहा कि युवा विवेकानंद जीवन आदर्श को अपनाकर समाज में सम्मानजनक स्थान प्राप्त कर सकते हैं। अन्य वक्ताओं ने भी युवा पीढ़ी को अपनी शक्तियों को पहचानने और उसका सदुपयोग समाज कल्याण में लगाने हेतु प्रेरित किया। प्राचार्य डॉ शैलेंद्र साहू ने रासेयो छात्रों को स्वामी विवेकानंद के पदचिन्हों पर चलकर अपने लक्ष्य को प्राप्त करने तत्पर रहने की बात कही।

## सुखराम नागे कॉलेज में हुआ सामूहिक वंदेमातरम गीत का आयोजन

- वंदेमातरम गीत हमें एकता का संदेश देता है : हृदयलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्राचार्य डॉ. मनदीप खालसा के निर्देशानुसार एवं प्रो. आरआर मेहरा नोडल अधिकारी के संयोजन में 15 जनवरी को महाविद्यालय में सामूहिक वंदेमातरम गान का आयोजन किया गया।

डॉ. अश्वनी ध्रुव प्रभारी प्राचार्य ने मातृभूमि को नमन करते हुए वंदेमातरम संदेश का वाचन किया गया। हृदयलाल साहू उपाध्यक्ष जपं नगरी ने कहा कि वंदेमातरम गीत हमें एकता का संदेश देता है। देश के प्रति समान प्रेम की भावना पैदा करता है। रासेयो उपाध्यक्ष प्रकाश बीए अंतिम ने वंदे मातरम पर संदेश का वाचन किया गया।

इस अवसर पर हृदयलाल साहू उपाध्यक्ष जपं नगरी, लिकेश्वरी पोटाई सरपंच छिपली, घेवरचंद साहू उपसरपंच छिपली, आशीष नेताम पंच, डॉ.रमेश देवांगन, प्रो. जयराम कुर्रे, प्रो. हितेषानंद ठाकुर, डॉ.दीपा देवांगन, प्रो. कौशल नायक, प्रो. लोकेश्वरी राठिया, डॉ. कविता, प्रो. लालमन बेरवंश, डॉ. खेमचंद, डॉ. वेणु साहू, प्रमोद चौरे, सीता नेताम, डिलेश्वरी पटेल, सागर मंडावी, अविरल तिवारी, कृष्णकुमार सिन्हा, अब्बास मेमन सहित छात्र-छात्राए उपस्थित थे।

## रंगोली-पोस्टर मेकिंग में प्रियंका, वर्षा अव्वल

- एचआईवी जागरूकता पर नवीन महाविद्यालय आमदी में हुई प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमदी(धमतरी)






शासकीय नवीन महाविद्यालय आमदी में महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य डॉ. गौकरण प्रसाद जायसवाल के निर्देशानुसार तथा रेड रिबन क्लब के प्रभारी डीगेश्वर अटल के नेतृत्व में रेड रिबन क्लब द्वारा एचआईवी एड्स जागरूकता विषय पर निबंध, पोस्टर मेकिंग एवं रंगोली प्रतियोगिता हुई। प्रभारी प्राचार्य डॉ. जायसवाल ने एचआईवी से जुड़ी भ्रांतियों को दूर करने, इसके कारणों, रोकथाम के उपायों तथा समाज में जागरूकता की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए छात्रों को सतर्क एवं जिम्मेदार नागरिक बनने का संदेश दिया। सहायक प्राध्यापक तरुण बैनर्जी ने एड्स से बचाव, नशामुक्त जीवन एवं युवाओं की भूमिका पर विचार व्यक्त किए।

निबंध प्रतियोगिता का विषय युवा शक्ति बनाम नशे की लत, पोस्टर प्रतियोगिता का विषय एचआईवी एड्स रोकथाम-समाज की सामूहिक जिम्मेदारी तथा रंगोली का विषय सुरक्षित जीवन के लिए एचआईवी एड्स जागरूकता रखा गया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम प्रियंका साहू, डिलेश्वरी एवं साक्षी पटेल तथा द्वितीय दुर्गेश्वरी ढीमर रही। पोस्टर मेकिंग में प्रथम वर्षा साहू एवं द्वितीय पायल पटेल रही। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम रेणुका साहू एवं द्वितीय स्थान खुशबू साहू ने प्राप्त किया। कार्यक्रम में सहायक प्राध्यापक अंकित बोधवानी, अतिथि व्याख्याता युगेश्वर प्रसाद, रमेश कुमार, सुश्री अंचल अरोरा सहित रेड रिबन क्लब के स्वयंसेवकों का योगदान रहा।

### जीजामगांव महाविद्यालय में सामूहिक वंदे मातरम गीत का आयोजन

# राष्ट्रगीत हमें अपने कर्तव्यों का स्मरण कराता है : यदु

हरिभूमि न्यूज ⏭ जीजामगांव






स्थानीय दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में 15 जनवरी को वंदे मातरम की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर प्राचार्य डॉ. सीआर यदु के नेतृत्व में सामूहिक वंदे मातरम गान एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि देवचरण चन्द्राकर सरपंच व विशिष्ट अतिथि शुभम बघेल अध्यक्ष जनभागीदारी समिति शाउमावि जीजामगांव रहे।

प्राचार्य डॉ. यदु ने अपने उद्बोधन में कहा कि वंदेमातरम केवल एक गीत नहीं, बल्कि भारत की आत्मा की अभिव्यक्ति है। इस गीत की रचना महान साहित्यकार एवं राष्ट्रचेतना के प्रणेता बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय ने अपने प्रसिद्ध उपन्यास आनंदमठ में की थी। स्वतंत्रता संग्राम के समय यह गीत देशवासियों के लिए प्रेरणा, साहस और बलिदान का मंत्र बन गया था। यह राष्ट्रगीत हमें अपने कर्तव्यों का स्मरण कराता है और मातृभूमि के प्रति निष्ठा एवं समर्पण की भावना को जागृत करता है।

मुख्य अतिथि सरपंच देवचरण चन्द्राकर ने कहा कि वंदे मातरम गीत युवाओं को भारत के गौरवशाली इतिहास और सांस्कृतिक विरासत से जोड़ता है तथा उनमें देश के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा देता है। शुभम बघेल ने कहा कि यह गीत अंग्रेजों के खिलाफ जनजागृति लाने में मील का पत्थर साबित हुआ। इसके बाद अतिथियों, महाविद्यालयीन कर्मचारियों एवं छात्र छात्राओं ने सामूहिक वंदे मातरम का गान किया। यह आयोजन विद्यार्थियों में राष्ट्रीय चेतना, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं लोकतांत्रिक मूल्यों को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास रहा।

इस अवसर पर आरआर डिगरे सहायक प्राध्यापक राजनीति विज्ञान, तेजराम साहू सहायक प्राध्यापक वाणिज्य, लीना बैस सहायक प्राध्यापक रसायन शास्त्र, पुष्पा दर्रो सहायक प्राध्यापक अर्थशास्त्र, सुश्री तारिणी सहायक प्राध्यापक वनस्पतिशास्त्र समेत छात्र-छात्राएं राधा निषाद, झरना बैस, जामिनी साहू, डिंपल साहू, हिना निषाद, ओमेश्वरी, लीना देवांगन, खुशबू, उपासना, अर्चना, हर्षलता एवं चेतना उपस्थित थे।

# कथा मंच से महापौर ने दिया राजनीतिक-सामाजिक संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी



जालमपुर बजरंग चौक स्थित हनुमान मंदिर प्रांगण में आयोजित श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में राष्ट्रीय कथावाचिका बाल विदुषी देवी भूमिका ने व्यासपीठ से सुखदेव स्वरूप में श्रीमद्भागवत कथा का भावपूर्ण वाचन किया।

इसआयोजन में महापौर रामू रोहरा के वार्ड पार्षद संजय देवांगन, एमआईसी सदस्य पिंटू यादव, पार्षद कुलेश सोनी, संतोष सोनकर एवं ईश्वर सोनकर शामिल हुए। व्यासपीठ से आशीर्वाद प्राप्त कर महापौर रामू रोहरा ने राजनीतिक अंदाज में कहा कि हमारी राजनीति केवल कुर्सी तक सीमित नहीं है, हमारी राजनीति समाज को जोड़ने की है। विकास वहां टिकाऊ होता है जो संस्कारों की नींव पर खड़ा हो। आगे कहा कि कुछ लोग धर्म और संस्कृति को राजनीति से अलग दिखाने की कोशिश करते हैं, लेकिन हम मानते हैं कि यही समाज की आत्मा है। धमतरी को हम ऐसा शहर बनाएंगे जहां विकास के साथ सनातन संस्कार भी सुरक्षित रहें। आज जब युवाओं को भ्रमित करने की साजिशें चल रही हैं, ऐसे समय में देवी भूमिका जैसी युवा विदुषी संत समाज को सही दिशा दे रही हैं। नगर निगम इस प्रकार के आयोजनों को हरसंभव सहयोग देता रहेगा।

## अंचल की खबरें

### मकर संक्रांति पर छात्रों को बांटी थाली



**धमतरी।** मकर संक्रांति के अवसर पर मदनलाल अग्रवाल द्वारा माध्यमिक शाला जोधपुर के सभी विद्यार्थियों के लिए भोजन करने खंड वाली थाली प्रदान की गई। प्रत्येक बच्चे की थाली में लड्डू का पैकेट एवं जलेबी रखकर मदनलाल अग्रवाल एवं अरुण अग्रवाल द्वारा वितरित की गई। इसके बाद बच्चों को पंगत में बिठाकर मध्यान्ह भोजन कराया गया। इस पहल से विद्यालय के सभी शिक्षक अत्यंत प्रसन्न हुए।

### नपं अध्यक्ष की पहल पर हुई सड़क की मरम्मत



**अंवरी।** भखारा नगर में सड़क की खराब स्थिति के कारण सोमवार को एक बुजुर्ग व्यक्ति के बाइक से फिसलकर दुर्घटनाग्रस्त होने की घटना सामने आई। घटना की जानकारी मिलते ही रोहिणी साहू एवं संतोष साहू ने नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन से चर्चा कर मामले से अवगत कराया। नपं अध्यक्ष श्रीमती जैन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल एडीबी एवं पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारियों से संपर्क किया। उनके हस्तक्षेप एवं त्वरित पहल के बाद संबंधित विभाग द्वारा मौके पर पहुंचकर सड़क की त्वरित मरम्मत कराई गई, जिससे नागरिकों को राहत मिली। स्थानीय नागरिकों ने नगर पंचायत अध्यक्ष की संवेदनशीलता एवं तत्परता की सराहना करते हुए कहा कि समय पर कार्रवाई होने से भविष्य में होने वाली दुर्घटनाओं को रोका जा सकेगा। नगर पंचायत प्रशासन का यह कदम जनहित और सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

### महिम को कुरुद व होमेंद्र को मिली भखारा की कमान



**कुरुद।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी ने संगठन सृजन के तहत व प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, वरिष्ठ नेताओं व जिला अध्यक्ष तारिणी चन्द्राकर की अनुशंसा पर कुरुद ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महिम शुक्ला व भखारा ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष होमेन्द्र साहू को नियुक्त किया है। जिसकी नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए कांग्रेसियों ने दोनों ब्लाक अध्यक्षों का स्वागत किया। इस दौरान पूर्व ब्लाक अध्यक्ष आशीष शर्मा ने कहा कि महिम शुक्ला निष्ठावान, सक्रिय कार्यकर्ता हैं। संगठन कार्य में अच्छे अनुभव के साथ कांग्रेस में उनका परिवार लम्बे समय से कार्य करते आ रहा है। सभी मिलकर कांग्रेस की मजबूती के लिए कार्य करते रहेंगे। वहीं भखारा के नवनियुक्त ब्लाक अध्यक्ष होमेन्द्र साहू सभी को साथ लेकर चलने वाले ऊर्जावान साथी हैं।

### छग कर्मचारी-अधिकारी फेडरेशन ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा



**धमतरी।** विद्या समीक्षा केंद्र मोबाइल वीएसके एप माध्यम से शिक्षकों तथा विद्यार्थियों की उपस्थिति इंद्राज करने से डाटा लीक होने, साइबर अपराध बढ़ने, निजता का अधिकार का उल्लंघन होने, व्यक्तिगत डेटा के सुरक्षा और शारीरिक स्वायत्तता की संरक्षण के दृष्टिकोण से वीएसके एप का उपयोग करना खतरे से खाली नहीं है। कुछ जिले में इसके डाउनलोड करने से रुपए का फ्रॉड हो चुका है, जिसे लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन धमतरी ने कलेक्टर अबिनाश मिश्रा से मिलकर चर्चा कर ज्ञापन सौंपा। कलेक्टर ने कहा कि हम पहले कलेक्ट्रेट में लागू कर इसकी समीक्षा करेंगे, समझेंगे उसके बाद ही अन्य विभाग में इसे लागू करने पर विचार करेंगे। मौके पर जिला संयोजक चंदूलाल चंद्राकर, जिला प्रवक्ता खुमानसिंह ठाकुर, जिला सचिव राजकुमार सिन्हा, जिला आईटी सेल प्रभारी महेंद्र कुमार साहू, सदस्य खिलेश्वर साहू शामिल रहे।

### पूर्व छात्र ने अपने गांव के स्कूल को दिया विशेष सहयोग



**धमतरी।** ग्राम सरसोंपुरी निवासी पूर्व छात्र शैलेन्द्र चंद्राकर ने अपने जन्मस्थल और विद्यालय के प्रति लगाव दिखाते हुए सराहनीय पहल की है। उन्होंने शासकीय प्राथमिक शाला सरसोंपुरी में अध्ययन किया था और आगे की पढ़ाई आरंग में की। वर्तमान में वहीं निवासरत शैलेन्द्र चंद्राकर ने अपने गृह ग्राम के स्कूल के लिए सहयोग स्वरूप प्राथमिक शाला के सभी 26 विद्यार्थियों को गर्म कपड़े (स्वेटर) वितरित किए तथा शासकीय माध्यमिक शाला के विद्यार्थियों के लिए शिक्षण सामग्री के रूप में 32 इंच का एलईडी टीवी प्रदान किया। इस अवसर पर उनके प्रतिनिधि चूड़ामणि यादव, शिक्षाविद अनिरुद्ध साहू, एसएमसी अध्यक्ष पोखन लाल साहू, देवधर यादव ग्रामीण अध्यक्ष, मानदास साहू, तुलसी यादव, उपेंद्र साहू, पोखराज साहू, गोपीकृष्ण निर्मालकर, युगलकिशोर चंद्राकार एवं झलक राम ध्रुव उपस्थित थे।

### तहसील ब्राम्हण समाज भखारा का परिवार संपर्क अभियान शुरू



**कोर्रा(भखारा)।** तहसील ब्राम्हण समाज भखारा द्वारा परिवार संपर्क अभियान की शुरुआत ग्राम रामपुर से की गई । तहसील ब्राम्हण समाज भखारा अंतर्गत रहने वाले सभी 70 ब्राम्हण परिवार से संपर्क किया जाएगा । तहसील ब्राम्हण समाज भखारा द्वारा संगठन को मजबूत करने और सबको एक साथ लेकर चलने के उद्देश्य को लेकर ग्राम रामपुर में बैठक आयोजित की गई जिसमें रामपुर पचपेड़ी ब्राम्हण समाज के सदस्यों ने अपनी उपस्थिति प्रदान की व संगठन को मजबूती प्रदान करने के लिए अपने अमूल्य विचार रखे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सोम दुबे, सूर्यकांत तिवारी, तुलु, शिवा पांडे, जगदीश्वर शर्मा, मदन शर्मा यशवंत शुक्ला, घनश्याम तिवारी, द्वारिका प्रसाद शर्मा, सुनील तिवारी, विनोद चौबे मुरलीधर दीवान, रोशन मिश्रा मौजूद थे।

### वंदे मातरम के उद्गार से अनुप्राणित हुआ कुरूद महाविद्यालय

# राष्ट्रभक्ति, सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय एकात्मता का दिखा संगम






हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

भारतीय राष्ट्रवाद की आत्मा, मातृभूमि के प्रति समर्पण तथा राष्ट्रीय अस्मिता के प्रतीक वंदे मातरम् की भावधारा को सुदृढ़ करने संत गुरु घासीदास शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कुरूद में एक प्रेरणादायी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना तथा शारीरिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न इस आयोजन में वंदे मातरम् गीत के ऐतिहासिक महत्व, सांस्कृतिक पृष्ठभूमि एवं राष्ट्र निर्माण में उसकी भूमिका पर गंभीर मंथन के साथ सामूहिक गायन किया गया।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि वंदे मातरम् केवल एक गीत मात्र नहीं, अपितु भारत की सभ्यता, संस्कृति और मातृभूमि के प्रति अखंड निष्ठा का सजीव घोष है। यह गीत स्वतंत्रता संग्राम की स्मृतियों से अनुप्राणित होकर आज भी नागरिकों में राष्ट्रप्रेम, आत्म गौरव और राष्ट्रीय एकात्मता की चेतना का संचार करता है।

जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष टिकेश साहू ने कहा कि वंदे मातरम् का प्रत्येक शब्द राष्ट्र के प्रति समर्पण, त्याग और कर्तव्यबोध का उदात्त संदेश देता है। यह गीत युवाओं को संवैधानिक मूल्यों, सामाजिक उत्तरदायित्व और राष्ट्रनिर्माण की प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता हेतु प्रेरित करता है तथा उनमें राष्ट्रीय चेतना का स्थायी संस्कार विकसित करता है। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में महाविद्यालय परिसर वंदे मातरम् के सामूहिक गायन से गूंज उठा। छात्र-छात्राओं, स्वयंसेवकों एवं कैडेट्स के एकस्वर में उच्चरित राष्ट्रगानात्मक उद्गारों ने वातावरण को देशभक्ति की ऊर्जा से आप्लावित कर दिया। यह दृश्य जनसमूह के लिए भावनात्मक और स्मरणीय बन गया।

कार्यक्रम का संचालन अजय साहू एवं चांदनी राजपूत व आभार प्रदर्शन राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी विजय कश्यप ने किया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य एमएस साहू, जनभागीदारी समिति के सदस्यगण, एनसीसी प्रभारी नीलकंठ साहू, एनएसएस प्रभारी रेणु पाटले, महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में एनसीसी, एनएसएस एवं बीपीएड के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## सामूहिकता व त्वरित निर्णय क्षमता का खेल है कबड्डी : कविता



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

युवा मित्र मंच एवं ग्रामवासियों के तत्वावधान में राज्यस्तरीय महिला एवं पुरुष कबड्डी स्पर्धा का एक दिवसीय आयोजन ग्राम देमार में किया गया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि श्रीमती कविता योगेश बाबर सदस्य जिला पंचायत थीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता योगेश मार्कण्डेय जनपद सदस्य ने की। फाइनल मैच का टास कविता बाबर ने कराया। श्रीमती बाबर ने कहा कि कबड्डी का खेल भारत का पारंपरिक व प्राचीन खेल है जो गांव, गली मोहल्लों एव शहरों में खेला जाता है। आज कबड्डी एक नए स्वरूप में लोकप्रिय होते जा रहा है। मनुष्य को स्वस्थ जीवन जीना है तो खेलकूद एवं व्यायाम को अपने जीवन में अपनाना होगा। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। मौके पर चन्द्रहास साहू, संतोष सिन्हा, आशुतोष शर्मा, कमल सिन्हा, कमलेश सिन्हा, परमेश्वरी साहू, उपसरपंच चित्रांश रजक समेत आयोजन समिति के सदस्य एवं ग्राम विकास समिति के पदाधिकारी व ग्रामवासी उपस्थित थे।

## निषाद समाज के प्रकाश अध्यक्ष, परदेशी महासचिव बने



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर के पदाधिकारियों का चुनाव श्रीराम जानकी मंदिर प्रांगण देवपुर में हुआ। मतदान के लिए तीन बूथ केन्द्र बनाए गए थे। 40 गांवों के 316 मतदाताओं में से 303 मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया। अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष कोषाध्यक्ष पद के लिए दो दो उम्मीदवार थे। महासचिव के लिए तीन उम्मीदवार थे। पाली अध्यक्ष पद उम्मीदवार प्रकाश निषाद लड़ेर को 162 मत व ननकू निषाद लड़ेर को 138 मत मिले, 3 मत अवैध हुए। प्रकाश निषाद 24 मतों से विजयी हुई। उपाध्यक्ष पद पर लखन निषाद ढीमरटिकुर नवागांव को 170 व दलसिंह निषाद भवरमरा को 126 मत मिले। 44 मत से विजयी हुई।

महासचिव पद उम्मीदवार परदेशी राजू निषाद राजपुर को 143 मत, रिखी निषाद दरगहन को 22 मत तथा नील निषाद सरगी को 131 मत मिले। 7 मत अवैध हुए। परदेशी राजू निषाद 12 मत से विजयी हुई। कोषाध्यक्ष उम्मीदवार संतोष निषाद भरारी को 161 मत व तोमन निषाद सेलदीप को 136 मत मिले। 6 मत अवैध हुए। संतोष निषाद 25 मत से विजयी हुई। मतदान शांतिपूर्ण रहा। चुनाव परिणाम घोषणा के बाद नवनिर्वाचित पदाधिकारियो निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान किया गया ।

## गुरुद्वारे में लोहड़ी पर्व धूमधाम से मना

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगर पंचायत के रानी दुर्गावती वार्ड क्रमांक 6 स्थित गुरुसिंह सभा गुरुद्वारा में लोहड़ी पर्व परंपरागत उल्लास और श्रद्धा के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर सिहावा विधानसभा क्षेत्र की विधायक अंबिका मरकाम एवं नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा विशेष रूप से उपस्थित थे।



सिख समाज एवं सिंधी समाज द्वारा प्रतिवर्ष मनाए जाने वाले इस पर्व को लेकर गुरुद्वारा प्रांगण में विशेष तैयारियां की गई थीं। कार्यक्रम के दौरान विधायक अंबिका मरकाम एवं नगर पंचायत अध्यक्ष बलजीत छाबड़ा ने लोहड़ी में आहुति अर्पित कर क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि एवं सतत विकास की कामना की। उन्होंने लोहड़ी पर्व के सामाजिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए आपसी भाईचारे और एकता का संदेश दिया। इस अवसर पर समाज अध्यक्ष अनिल वाधवानी, शंकर पंजाबी, सुरजीत खनूजा, जसपाल खनूजा, गिरधर टहलवानी, राकेश नारंग, जसवंत सिंह खनूजा, नीलू छेदैया, प्रवीण सिंह मरकाम, मनोज पटेल सहित बड़ी संख्या में सिख समाज, सिंधी समाज के लोग एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

### गंगरेल में मानसगान सम्मेलन आज से



**धमतरी।** राजीव नगर गंगरेल के बाजार चौक में 16 से 18 जनवरी तक भक्त गुहा निषाद जयंती के अवसर पर तीन दिवसीय मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। आयोजन निषाद समाज द्वारा किया जा रहा है। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि रोमी सावलानी होंगे, जबकि सरपंच शीला सविता अध्यक्षता करेंगी। अन्य दिनों के अतिथि महापौर रामू रोहरा सहित जिला एवं जनपद स्तर के जनप्रतिनिधि होंगे। इस आयोजन में धमतरी, अभनपुर, बालोद, बेमेतरा, कांकेर, महासमुंद सहित अन्य क्षेत्रों की मानस मंडलियां भाग लेंगी।

## बोड़रा में आज से मानसगान प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

ग्राम बोड़रा में 16, 17 एवं 18 जनवरी को संगीतमय मानसगान प्रतियोगिता होगी।कार्यक्रम का शुभारंभ 16 जनवरी शुक्रवार को सुबह 9 बजे दीप प्रज्वलन के साथ होगा। मुख्य अतिथि सरपंच श्रीमती सुमन प्रीतम साहू होंगी। उपसरपंच रविकुमार साहू अध्यक्षता करेंगे। विशेष अतिथि प्रीतम साहू, मालती साहू, प्रतिमा देवांगन, पवन सेन, फल्लेश साहू, मुकेश साहू, रोशनी देवांगन, गौकरण साहू, साधना साहू, तामेश्वरी यादव, भानबाई साहू, होरीलाल साहू, संतोष साहू, पुष्पेन्द्र साहू, लता बाई साहू, डिगेश्वरी नागरची, खिलेश्वरी साहू, मीनाक्षी साहू एवं यामिनी साहू होंगे।

समापन समारोह 18 जनवरी को होगा। मुख्य अतिथि संतोष शाह एवं प्रमोद चिमनानी होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सरपंच श्रीमती सुमन प्रीतम साहू करेंगी। विशिष्ट अतिथि उपसरपंच रविकुमार साहू, डॉ. रामकुमार साहू, कन्हैया साहू, होरीलाल साहू सचिव, सुशीलचंद्र गुप्ता, दशरथ साहू, लक्ष्मीनारायण साहू होंगे। 19 जनवरी सोमवार को मड़ई मेला आयोजित किया जाएगा, जिसमें रात्रिकालीन सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत मयारु गंगा जय मां दुर्गा छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी साराबोंग ओडिशा की प्रस्तुति होगी।

## किसान के ट्रैक्टर को प्रशासनिक अधिकारियों ने जांच के लिए रोका

- कार्रवाई से आहत किसान धान के कट्टे लेकर विधायक निवास पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ⏭नगरी

नगरी विकासखंड अंतर्गत सिहावा विधानसभा क्षेत्र में धान उपार्जन को लेकर एक किसान द्वारा प्रशासनिक कार्रवाई के विरोध का मामला सामने आया है। ग्राम कल्लेमेटा निवासी किसान कृष्ण कुमार वीके ने गुरुवार को सिहावा विधायक अंबिका मरकाम के निवास के सामने धान के कट्टे रखकर अपनी पीड़ा सार्वजनिक रूप से व्यक्त की। किसान का आरोप है कि वैध टोकन और दस्तावेज होने के बावजूद प्रशासनिक अधिकारियों ने उसकी उपज जब्त कर उसे मानसिक रूप से परेशान किया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार किसान कृष्ण कुमार वीके के नाम से उपार्जन केंद्र डोंगरडुला में 60 क्विंटल धान का टोकन जारी हुआ था। 13 जनवरी को किसान ने धान को एक ट्रैक्टर और एक पिकअप वाहन में लोड कर उपार्जन केंद्र ले जाना शुरू किया। पिकअप वाहन में लदा 15 क्विंटल धान पहले केंद्र पहुंच गया, जबकि ट्रैक्टर में लदे 45 क्विंटल धान को बिलबदर क्षेत्र में प्रशासनिक अधिकारियों ने जांच के लिए रोक लिया। जांच के दौरान किसान से दस्तावेजों की पड़ताल के बाद 45 क्विंटल धान का समर्पण पंचनामा तैयार कर हस्ताक्षर कराए गए।

किसान का कहना है कि उसने अधिकारियों को अपनी स्थिति स्पष्ट करने का प्रयास किया, लेकिन उसकी बात नहीं सुनी गई। सुबह करीब 7 बजे से शाम 7 बजे तक प्रक्रिया में उलझे रहने के बाद भी समाधान नहीं मिलने से आहत होकर वह धान के कट्टे लेकर विधायक निवास पहुंचा और शांतिपूर्ण ढंग से विरोध दर्ज कराया।

मामले पर विधायक अंबिका मरकाम ने नाराजगी जताते हुए कहा कि धान उपार्जन के नाम पर किसानों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बुलाकर जानकारी ली और शीघ्र समाधान के निर्देश दिए। समाचार लिखे जाने तक विभागीय अधिकारियों से संपर्क नहीं हो सका।

## कलेक्टर ने किया धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण



**नगरी।** कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने माकरदोना, गट्टासिल्ली, बेलरगांव एवं नगरी स्थित धान खरीदी केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने धान की तौल प्रक्रिया, बारदाना की उपलब्धता, किसानों को किए जा रहे भुगतान की व्यवस्था तथा कृषकों की पहचान से संबंधित दस्तावेजों की गहन जांच की।

कलेक्टर ने निर्देश दिए कि धान खरीदी केवल वास्तविक किसानों से ही की जाए और किसी भी परिस्थिति में बिचौलियों अथवा कोचियों को खरीदी केंद्रों में प्रवेश न दिया जाए। उन्होंने समिति प्रबंधकों एवं संबंधित कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी स्तर पर अनियमितता या लापरवाही पाई गई तो संबंधितों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

इसके बाद कलेक्टर श्री मिश्रा ने जनपद पंचायत नगरी में ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों, पटवारियों एवं समिति प्रबंधकों की बैठक लेकर खरीदी प्रक्रिया की समीक्षा की। उन्होंने सभी अधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नगरी प्रीति दुर्गम, जनपद पंचायत नगरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोहित बोरझा, उपसंचालक कृषि मोनेश साहू, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी लाकेश साहू सहित खाद्य विभाग, मार्कफेड, जिला सहकारी बैंक के अधिकारी, धान खरीदी केंद्रों के प्रभारी एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## लोक कलाकारों की सजीव और मनमोहक प्रस्तुतियों ने बांधा समां



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

सोरिद वार्ड में मड़ई मेला इस वर्ष भी लोक आस्था, परंपरा और सांस्कृतिक चेतना का प्रतीक बनकर सामने आया। रात्रि में अर्जुंदा लोकरंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर रामू रोहरा रहे। अध्यक्षता कौशल्या देवांगन ने की। लोक कलाकारों की सजीव और मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को देर रात तक बांधे रखा और पूरे परिसर को छत्तीसगढ़ी लोक संस्कृति के रंगों से सराबोर कर दिया। मड़ई मेला केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और परंपरागत मूल्यों को सहेजने का सशक्त मंच है।

इस अवसर पर महापौर रामू रोहरा ने कहा कि मड़ई मेला हमारी लोकपरंपरा, संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक है। ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और हमारी सांस्कृतिक विरासत को जीवंत बनाए रखते हैं। कार्यक्रम में पूरन सिंह, भोजराज यादव, भोलासिंह, कमल सेन, मुन्ना यादव, मनोज हिरवानी, कुलेश्वर सिंह, घनश्याम सिंह, गुरेंद्र सिन्हा, गजानन साहू, प्रेम, कुलेश्वर देवांगन, राधे सिन्हा का योगदान रहा।

## एसके फूड्स मिल सील, 20,976 क्विंटल धान व 605 क्विंटल चावल जब्त



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के मार्गदर्शन में जिले में अवैध धान परिवहन, भंडारण एवं खरीदी में अनियमितताओं पर प्रभावी नियंत्रण के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में जिला स्तरीय एवं विकासखंड स्तरीय उड़नदस्ता दल नगरी द्वारा राजस्व विभाग, खाद्य विभाग एवं मंडी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार देर शाम को गट्टासिल्ली स्थित एसके फूड्स राइस मिल का निरीक्षण किया गया। उक्त मिल के संचालक आसिफ मेमन हैं। निरीक्षण के दौरान मिल परिसर में उपलब्ध स्टॉक पंजी का गहन परीक्षण किया गया तथा भौतिक सत्यापन के माध्यम से धान एवं चावल की वास्तविक मात्रा का मिलान किया गया। जांच में पाया गया कि मिल परिसर में दर्ज स्टॉक की तुलना में धान की मात्रा 269 क्विंटल अधिक पाई गई।

यह अतिरिक्त मात्रा धान खरीदी वर्ष 2025-26 के अंतर्गत अवैध परिवहन एवं भंडारण की आशंका को दर्शाती है, जिसे गंभीर अनियमितता माना गया। संयुक्त दल ने मिल परिसर में उपलब्ध कुल 20,976 क्विंटल धान एवं 605 क्विंटल चावल को जब्त किया। जब्त सामग्री को मिल के प्रतिनिधि जावेद मेमन की सुपुर्दगी में दिया गया तथा आगे की जांच एवं वैधानिक प्रक्रिया के लिए राइस मिल को सील बंद किया गया।

## खबर संक्षेप

### मेघा में गुहा जयंती आज

**मगरलोड।** ग्राम मेघा में निषाद समाज द्वारा भक्त गुहा निषाद राज की जयंती 16 जनवरी शुक्रवार को मनाई जाएगी। सुबह 7 बजे कलश यात्रा, 4 बजे प्रतिभावान छात्रों का सम्मान, 5 बजे अतिथि सम्मान, 6 बजे रामायण मंडली मेघा तथा रात्रि में ग्राम डोटोपार जिला बालोद की रामधुनी होगी। यह जानकारी लोकनाथ जलयान ने दी है।

### चरमुड़िया में मड़ई कल होगी

**डांडेसरा(धमतरी)।** ग्राम चरमुड़िया रेलवे स्टेशनपारा में 17 जनवरी शनिवार को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में माटी के सिंदूर छत्तीसगढ़ी लोककला नाचा पार्टी बूटाकसा मानपुर मोहल्ला की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी नीतू तोड़ेकर सरपंच एवं डगेश्वर पटेल ने दी है।

### कोसरिया पटेल समाज की बैठक 18 को

**डांडेसरा(धमतरी)।** कोसरिया पटेल (मरार) समाज बगौदराज की वार्षिक कार्यकारिणी की बैठक 18 जनवरी रविवार को सुबह 9:30 बजे ग्राम बगौद में रखी गई है। बैठक में पूर्व प्रस्तावित विषयों का वाचन, आय-व्यय की जानकारी सहित अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी। यह जानकारी समाज बगौदराज के कोषाध्यक्ष विमल पटेल ने दी हैं।

### रामसागरपारा में आज से भागवत कथा

**धमतरी।** रामसागरपारा इंडोर स्टेडियम के समीप मैदान में धर्मप्रेमी कन्हैयालाल साहू परिवार द्वारा 16 से 24 जनवरी तक भागवत महापुराण ज्ञानयज्ञ का आयोजन किया गया है। कथावाचक पंडित हरिहरण वैष्णव कनेरी होंगे। आज दोपहर 2 बजे कलश यात्रा प्रारंभ होगी जो शहर के विभिन्न मंदिरों से होकर गुजरेगी। कार्यक्रम की तैयारी में कन्हैयालाल साहू, श्रीमती सुषमा, भेदूप्रसाद, श्रीमती टेमिन, गोविंद, श्रीमती मंजू, मनीष कुमार, योगेंद्र कुमार, श्रीमती दुर्गा, श्रीमती किरणप्रभा, उषा पटेल, विकास वैष्णव, संतोष यादव, सुकलाल ध्रुव, मनोज साहू, संगीता साहू, पदम ध्रुव, तीज बाई ध्रुव, केजाबाई यादव, कुमारी मधु यादव, श्यामलाल साहू, घनश्याम साहू, जीतराम साहू जुटे हैं।

### सांकरा में मानसगान सम्मेलन 16 से

**धमतरी।** युवा संघर्ष समिति सांकरा एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम सांकरा (भोथली) के अटल चौक में 16 से 18 जनवरी तक राज्य स्तरीय सस्वर संगीतमय मानसगान सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। शुभारंभ 16 जनवरी शुक्रवार को दीप प्रज्ज्वलन के साथ होगा। मुख्य अतिथि सरपंच उदयराम साहू होंगे। उपसरपंच तुलसीराम साहू अध्यक्षता करेंगे। द्वितीय दिवस 17 जनवरी के अतिथि ग्राम के शासकीय विद्यालयों के शिक्षकगण, ग्राम पंचायत प्रतिनिधि होंगे। समापन समारोह 18 जनवरी को होगा। मुख्य अतिथि जनपद पंचायत धमतरी के उपाध्यक्ष केशव साहू होंगे। अध्यक्षता सहकारिता, ऊर्जा एवं उद्योग विभाग के सभापति दिलीप सेन करेंगे।

एपीके फाइल भेजकर व्हाट्सएप ग्रुप को किया हैक

# साइबर ठगों ने शिक्षकों को बनाया निशाना




हरिभूमि न्यूज ⏭कुरूद

ऑनलाइन ठगी करने वाले अब शिक्षकों को भी निशाना बना रहे हैं। एक शिक्षक के पर्सनल मोबाइल पर एपीके फाइल भेजकर पहले उनके व्हाट्सएप को हैक किया फिर उस शिक्षक द्वारा जुड़े सभी ग्रुप को हैक करने की कोशिश की। साइबर ठगों की इस हरकत से कुरुद ब्लाक के शिक्षकों के होश उड़ गये हैं जिससे उन्हें उनकी निजी जानकारी लीक होने की चिंता सताने लगी है।

गौरतलब है कि शिक्षक ज्यादातर विभागीय कार्य मोबाइल पर करते हैं। साथ ही विभागीय आदेश समझकर लिंक को खोलकर जरूर देखते हैं। कुरुद ब्लाक के शिक्षकों द्वारा विभागीय जानकारी साझा करने एवं ऑनलाइन प्रशिक्षण में भाग लेने कुरुद जोन एफएलएन नामक एक व्हाट्सएप ग्रुप तैयार किया गया था जिसमे सैकड़ों शिक्षक जुड़े हुए हैं। शुक्रवार को साइबर ठगों ने निशाना बनाया और ग्रुप को हैक करने सबसे पहले ग्रुप का आइकन चेंज किया जिसके तुरंत बाद एसबीआई बैंक का योनो एसबीआई आधार अपडेट का लिंक भेजकर बड़ी ठगी करने का प्रयास किया। गनीमत रही कि शिक्षकों की सूझबूझ से किसी ने उस लिंक को ओपन नहीं किया और सबको समय रहते इस साइबर ठगी से सावधान हो जाने का मैसेज पहुंचा दिया।

#### हरिभूमि के पाठक ये सावधानी जरूर बरतें

फोन में ऑटोमेटिक डाउनलोड ऑप्शन को बंद करके रखें। किसी अनजान लिंक को न खोलें। वाट्सएप को हमेशा टू स्टेप वेरिफिकेशन पर करके ही रखें। डाउनलोडिंग हो जाए तो तत्काल साइबर क्राइम नंबर 1930 पर सूचना दें।

#### ऐसी फाइल कभी न करें डाउनलोड

पुलिस विभाग में पदस्थ आईटी एक्सपर्ट रूपेश साहू ने बताया कि मोबाइल फोन पर अज्ञात नंबर अथवा ग्रुप में एपीके फाइल बैंक अथवा आधार कार्ड अपडेट करने के नाम से कोई फाइल आए, तो उसे भूलकर भी डाउनलोड नहीं करना चाहिए। वरना इसके माध्यम से जालसाज के पास पूरी जानकारी पहुंच जाएगी और इसकी भनक मोबाइल फोन प्रयोग करने वाले को लगेगी भी नहीं। ऐसी स्थिति में आप तत्काल अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन को सूचित करें या टोल फ्री नम्बर 1930 पर इसकी सूचना दें।

#### नम्बर से एपीके फाइल स्वत : फारवर्ड होने लगी

शिक्षक फेडरेशन के ब्लाक अध्यक्ष लुकेश साहू ने हरिभूमि को बताया कि बंजारी स्कूल में पदस्थ उनके शिक्षक साथी सरोज जांगड़े के पास एक एपीके फाइल आई तो उन्होंने उसे पर्सनल या विभागीय मैसेज समझकर खोल लिया। उनका फोन हैक हो गया। उनके फोन से ब्लॉक के जितने भी व्हाट्सएप विभागीय ग्रुप व शिक्षक जुड़े थे, उनके नंबर पर स्वतः ही वह फाइल फॉरवर्ड होनी लगी। शिक्षकों ने पुलिस से इस संबंध में शिकायत नहीं की है। होश तो शिक्षकों के तब उड़ गए, जब शिक्षकों के मोबाइल में बैंक अकाउंट की पूरी जानकारी मोबाइल में थी, व्हाट्सएप ग्रुप पर देर रात तक हलचल बनी रही।

## अल्पसंख्यक आयोग अध्यक्ष एवं महापौर ने गुरुद्वारा में टेका मत्था



- भाईचारे और सौहार्द की परंपरा को मजबूत करना नगर निगम की प्राथमिकता है : रामू

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ राज्य अल्पसंख्यक आयोग के अध्यक्ष अमरजीत सिंह छाबड़ा ने नगर पालिक निगम कार्यालय में महापौर रामू रोहरा से भेंट की। भेंट के बाद दोनों गुरुद्वारा साहिब पहुंचे, जहां उन्होंने श्रद्धापूर्वक मत्था टेककर प्रदेश व शहर की सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर पर शहर के विकास, सामाजिक समरसता, अल्पसंख्यक समाज के कल्याण एवं जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर सार्थक चर्चा हुई।

महापौर रामू रोहरा ने कहा कि धमतरी में भाईचारे और सौहार्द्र की परंपरा को और मजबूत करना नगर निगम की प्राथमिकता है। आयोग अध्यक्ष श्री छाबड़ा ने नगर निगम द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि धमतरी में सभी वर्गों को साथ लेकर विकास की दिशा में सकारात्मक कार्य हो रहे हैं।

सड़क दुर्घटनाओं से बचाव और गौ संरक्षण के लिए हुई गौधाम समिति की बैठक

## गौ धाम का संचालन करने वाली संस्था को मिलेगा प्रशासनिक सहयोग

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार द्वारा सड़क मार्गों पर घूमने वाली निराश्रित एवं घूमंतू गायों के कारण होने वाली छोटी-बड़ी दुर्घटनाओं और जनहानि को रोकने के उद्देश्य से पूरे प्रदेश में प्रत्येक विकासखंड स्तर पर गौठानों को गौ धाम के रूप में विकसित किए जाने की योजना पर कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी में धमतरी विधानसभा क्षेत्र की गौ धाम समिति की बैठक धमतरी जनपद पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई।

बैठक में पशु चिकित्सा विभाग के सहायक संचालक श्री मरकाम ने गौ धाम योजना की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जो भी संस्था या संगठन गौधाम के माध्यम से गौ माता की सेवा करना चाहता है, वह सीधे पशु विभाग से संपर्क कर सकता है। विभाग की ओर से आवश्यक तकनीकी एवं प्रशासनिक सहयोग प्रदान किया जाएगा।

नगर निगम के उपायुक्त पीसी सार्वा ने जानकारी दी कि धमतरी शहर क्षेत्र में गौ धाम की स्थापना के लिए अर्जुनी गांव को चिन्हित किया गया है। यदि कोई संस्था गौ धाम का संचालन करना चाहती है तो नगर पालिका निगम की ओर से पूर्ण सहयोग दिया जाएगा।

इसके साथ ही धमतरी जनपद पंचायत क्षेत्र के सोरम, भटगांव, बोरिद, भोयना, कंडेल, अछोटा एवं सम्बलपुर में भी गौ धाम संचालित करने पशु विभाग द्वारा सहयोग प्रदान किया जाएगा। गो सेवा आयोग के जिलाध्यक्ष हेमराज सोनी ने बताया कि गौ धाम के माध्यम से गौ संरक्षण, गौ संवर्धन एवं गौ उत्पादों के निर्माण का कार्य किया जाएगा। साथ ही किसानों को जैविक खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि जिले में गौ माता के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए बेलर मशीन एवं एम्बुलेंस की व्यवस्था भी की जाएगी। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष धरमलाल साहू, समिति सदस्य रितेश मिश्रा, पुष्पक साहू, कविता कुर्रे, दिलीप साहू सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## बेलर मशीन से अब किसान बना रहे चारे के बंडल

- खेतों में अब नहीं जल रही पराली, किसानों को हो रही दोहरी कमाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



#### अतिरिक्त आय का साधन

यह पहल केवल पशुचारे तक सीमित नहीं है। पैरे के बंडल की मांग पशुपालकों और डेयरी संचालकों के बीच काफी है, क्योंकि इन्हें संभालना और ढोना आसान होता है। कई किसान इन बंडलों को बेचकर नकद आय अर्जित कर रहे हैं। इससे एक ओर खेत साफ हो रहे हैं, तो दूसरी ओर फसल अवशेष से ही किसानों की कमाई हो रही है।

#### पर्यावरण और मिट्टी के लिए फायदेमंद

कृषि विशेषज्ञों का कहना है कि पैरा जलाने से मिट्टी की उर्वरता घटती है और वायु प्रदूषण बढ़ता है। कृषि विशेषज्ञ डॉ. शक्ति वर्मा के अनुसार खेत में ही पैरा का वैज्ञानिक प्रबंधन पर्यावरण के लिए बेहद लाभकारी है। इससे धुएं और जहरीली गैसों से मुक्ति मिलती है, साथ ही मिट्टी के पोषक तत्व और मित्र कीट सुरक्षित रहते हैं।

जिले के ग्रामीण इलाकों में फसल कटाई के बाद खेतों का नजारा अब तेजी से बदल रहा है। जहां पहले खेतों में बिखरे पैरे को संभालना किसानों के लिए मुश्किल होता था और मजबूरी में कई बार इसे जला दिया जाता था, वहीं अब आधुनिक तकनीक ने इस समस्या का समाधान निकाल दिया है। बेलर मशीन के उपयोग से पैरे को सघन बंडलों (रोल) में बदला जा रहा है, जिससे न केवल पैरा प्रबंधन आसान हुआ है, बल्कि किसानों को अतिरिक्त आय का जरिया भी मिल रहा है।

कई किसान पैरा खेत में ही छोड़ देते थे या उसे जला देते थे, जिससे पर्यावरण और मिट्टी दोनों को नुकसान होता था। अब बेलर मशीन की मदद से खेत में ही पैरा को रोल के रूप में बांध दिया जाता है। ये रोल कम जगह में सुरक्षित रखे जा सकते हैं और लंबे समय तक पशुचारे के रूप में उपयोग में आते हैं।

खेतों में पैरा प्रबंधन का बेहतरीन उदाहरण गांवों देखने को मिल रहा है। यहां सड़क किनारे खेतों में पैरे के बड़े-बड़े रोल कतारबद्ध रखे हुए हैं। किसान बताते हैं कि उन्होंने बेलर मशीन से अपने खेतों का पैरा बंडलों में बदल लिया है। सड़क किनारे रखने से जरूरत पड़ने पर पशुओं के लिए उपयोग करना या ट्रैक्टर से आसानी से ढुलाई करना संभव हो जाता है।

बेलर मशीन से पैरा प्रबंधन की यह पहल जिले के अन्य किसानों के लिए भी प्रेरणा बन रही है। इससे पैरा जलाने की मजबूरी खत्म हो रही है और वायु प्रदूषण में उल्लेखनीय कमी आ रही है।

## जलकर बकायादारों पर सख्ती पांच नल कनेक्शन काटे गए

- लंबे समय से जलकर जमा नहीं करने पर नगर निगम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी



नगर निगम ने जलकर बकाया वसूली को लेकर सख्त रुख अपनाते हुए 15 जनवरी से विशेष अभियान की औपचारिक शुरुआत कर दी है। आयुक्त के आदेश एवं राजस्व अधिकारी पीसी सार्वा के निर्देशानुसार लंबे समय से जलकर जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं के खिलाफ चरणबद्ध कार्रवाई प्रारंभ की गई है।

अभियान के पहले दिन रामसागरपारा वार्ड में निगम की टीम द्वारा पूर्व में बिल सूचना तामिल कर उपभोक्ताओं को भुगतान के लिए पर्याप्त समय दिया गया था। इसके बावजूद निर्धारित अवधि में जल शुल्क जमा नहीं करने वाले उपभोक्ताओं पर कार्रवाई करते हुए 5 जल उपभोक्ताओं के नल कनेक्शन विच्छेदित किए गए।

नगर निगम अधिकारियों ने बताया कि जलकर नगर निगम की आय का प्रमुख स्रोत है, जिससे शहर की जल आपूर्ति एवं अन्य मूलभूत सेवाएं संचालित होती हैं। ऐसे में समय पर जल शुल्क जमा करना प्रत्येक उपभोक्ता का दायित्व है।

निगम प्रशासन ने शहरवासियों से अपील की है कि वे बकाया जलकर राशि शीघ्र जमा करें, ताकि किसी भी प्रकार की दंडात्मक कार्रवाई से बचा जा सके। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि यह अभियान निरंतर जारी रहेगा और सभी वार्डों में बकायादार उपभोक्ताओं के विरुद्ध इसी तरह की कार्रवाई की जाएगी।

यह कार्रवाई वसूली दल क्रमांक 3 के प्रभारी मोहम्मद शेरखान के नेतृत्व में हुई। दल में आलोक तिवारी, चैतन्य चंदेल, पंचराम सिन्हा, परशुराम, अशोक कुमार, योगेश, कमलेश साहू, कन्हैया मांडवी, खिलावन रजक, सनी वाल्मीकि, सरिता सोना एवं कंचन किरण शामिल रहे।

## भैंसमुंडी सरपंच पर हुए हमले के मामले में दूसरा पक्ष आया सामने

हरिभूमि न्यूज ⏭सिर्री

ग्राम पंचायत भैंसमुंडी के सरपंच पर बीते दिनों हुए हमले के मामले को लेकर दूसरा पक्ष सामने आया है। किरण पाल पिता मुन्ना पाल कुरूद निवासी ने 12 जनवरी को पुलिस अधीक्षक धमतरी और 14 जनवरी को पुलिस महानिरीक्षक रायपुर के पास उचित न्याय की मांग करते हुए आवेदन दिया और अपना पक्ष रखा है।

किरण पाल ने सरपंच ओमप्रकाश यादव और उनके पुत्र तुषार यादव सहित अन्य साथी के खिलाफ आरोप लगाते हुए कहा कि 10 जनवरी को ग्राम मौरीखुर्द पुल के पास हुई मारपीट में मेरा कपड़ा फट गया है। उन्होंने आरोप लगाते हुए बताया कि सरपंच ने कानून को अपने हाथ में लेते हुए दुर्व्यवहार किया और लक्की चंद्राकर को अपने बोलरो वाहन में बिठाकर हॉस्पिटल और थाना ले जाने की बात कहकर भैंसमुंडी, मौरीखुर्द, भरदा, चरमुड़िया, कुरूद में डंडा और रॉड से मारपीट की है और उसे अंत में अपने वाहन से ही कुरूद थाना के बाहर लाकर पटक दिया। वर्तमान में लक्की चंद्राकर गंभीर हालत में एकता हॉस्पिटल धमतरी में भर्ती है। आगे बताया कि लक्की चंद्राकर के पिता भूषण चंद्राकर के साथ भी मारपीट हुई है और उनके सिर पर काफी चोट आई है और कुरूद थाने में लक्की चंद्राकर की माता सुलोचना चंद्राकर से भी गाली गलौज की गई।

किरण पाल ने आगे बताया कि पोल्ट्री फार्म के संबंध में सरपंच और लक्की चंद्राकर का 4 माह पूर्व एक बार विवाद हुआ था। जिसकी सूचना कुरूद थाने में की गई थी। लक्की चंद्राकर के पिता भूषण चंद्राकर ने बताया कि पोल्ट्री फार्म संचालित करने हेतु ग्राम पंचायत भैंसमुंडी द्वारा अनापत्ति प्रमाण-पत्र भी दिया गया है। किरण पाल और भूषण चंद्राकर ने भैंसमुंडी सरपंच सहित तुषार यादव और अन्य साथी पर दुर्व्यवहार, मारपीट और गाली गलौज का आरोप लगाते हुए प्रशासन से उचित कार्यवाही की मांग की है।

इस मामले में ओमप्रकाश यादव सरपंच ने बताया कि लक्की चंद्राकर द्वारा पहले चाकू से प्राणघातक हमला किया गया। जिसका दर्द मैं सहन नहीं कर पाया और उसके प्रत्युत्तर में मारपीट की। मैंने सुलोचना चंद्राकर, किरण पाल या किसी अन्य व्यक्ति से कोई गाली गलौज नहीं की। मुझ पर लगाए गए सभी आरोप बेबुनियाद और निराधार हैं। पोल्ट्री फार्म संचालित करने के लिए लक्की चंद्राकर को ग्राम पंचायत भैंसमुंडी द्वारा कभी भीएनओसी नहीं दी गई है।



### श्री हनुमान मंदिर रूद्री परिसर में हनुमान कथा 17 से

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

दक्षिणमुखी श्री हनुमान मंदिर रूद्री परिसर धमतरी में 17 से 23 जनवरी तक हनुमान कथा का आयोजन प्रतिदिन दोपहर 2 से 5 बजे तक किया जाएगा। गुरुदेव संकर्षण शरण जी (गुरुजी) का आगमन 16 जनवरी को दोपहर 12:30 बजे होगा। इसी दिन दोपहर 12 बजे कलश यात्रा दुलारी नगर गली नंबर 3 रुद्री से निकलेगी। 23 जनवरी को प्रातः 7 बजे से हवन होगा। यह जानकारी श्रीमती कल्पना शुक्ला ने दी।

### स्वामी विवेकानंद ने हमें राष्ट्रभक्ति का मार्ग दिखाया : रंजना

**धमतरी।** स्वामी विवेकानंद की जयंती पर ग्राम झुरा नवागांव में नव युवा विवेकानंद समिति एवं ग्रामवासियों के सहयोग से संगीतमय श्रीराम कथा एवं विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस आयोजन में भाजपा की प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती रंजना साहू सम्मिलित हुईं। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्रीय संत मोहितराम पाठक के श्रीमुख से श्रीराम की कथा सुनी। श्रद्धालुजनों को संबोधित करते हुए श्रीमती साहू ने कहा कि स्वामी विवेकानंद ने हमें आत्मविश्वास, राष्ट्रभक्ति और सेवा का मार्ग दिखाया। उनके जयंती अवसर पर भगवान श्रीराम की कथा का श्रवण करना सौभाग्य की बात है। श्रीराम का जीवन हमें मर्यादा, सत्य, त्याग और सुशासन की प्रेरणा देता है। श्रीमती साहू ने आगे कहा कि ऐसे धार्मिक और सांस्कृतिक आयोजन समाज को जोड़ने का कार्य करते हैं।

### सरकार किसानों को आत्महत्या के लिए मजबूर कर रही : लेखराम



**अंवरी।** भाजपा सरकार की धान खरीदी की पेचीदगी प्रक्रिया से छत्तीसगढ़ के किसान आत्महत्या करने मजबूर हो रहे हैं और आत्मघाती कदम उठा रहे हैं। भाजपा की साय सरकार जानबूझकर ऐसा कर रही है। कोरबा क्षेत्र के सुमेर सिंह गोंड़ ने धान बिक्री को लेकर काफी मानसिक रूप से परेशान थे। उन्होंने कीटनाशक दवाई पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की थी जो सरकार के लिए शर्म की बात है। इससे सरकार की नाकामी स्पष्ट पता चलता है। यह बातें कुरुद क्षेत्र के पूर्व विधायक लेखराम साहू ने कही है। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार को किसानों की चिंता नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमनसिंह के कार्यकाल में सैकड़ों किसानों को बेवजह जेल में डाल दिया था। किसानों को आज धान बेचने के लिए तीन -तीन बार पंजीयन कराना पड़ रहा है।

### खैरझिटी स्कूल को ग्रामीणों ने स्मार्ट टीवी भेंट किया

**मगरलोड।** विश्व में भारतीय संस्कृति कों स्थापित करने वाले युवाओं के प्रेरणास्त्रोत स्वामी विवेकानंद की जयंती पर शासकीय प्रथमिक एवं माध्यमिक विद्यालय खैरझिटी को 42 इंच का स्मार्ट टेलीविजन दिया गया। अब बच्चों को आधुनिक टेक्नोलॉजी से शिक्षा प्रदान की जाएगी। मौके पर ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष ओंकारसिंह साहू, सचिव बिसरूराम साहू, पंच महेन्द्र साहू, प्रधानपाठक खिलेश्वर कश्यप, सीमा मेडम समेत अन्य मौजूद रहे।

स्वामी जी 93406-38884
ऑफर केवल 15 जनवरी तक
By Train- रिजर्वेशन व स्पेशल पैकेज से
चार धाम यात्रा
श्री हरिद्वार, हरकी पौड़ी, ऋषिकेश, श्री उत्तरकाशी, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री बद्रीनाथ, श्री केदारनाथ,
यात्रा दिनांक: 18 अप्रैल 2026, 2 मई 2026, 18 मई 2026, 20 मई 2026, 14 दिन की यात्रा
राशिः स्लीपर-22501/- ऑफर 21,501/-, 3AC-30,501/-ऑफर 29,501/-
स्वामी तीर्थ यात्रा
संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा
91111-11866
Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 21,500/-
15 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री
श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
श्री त्रियुगीनारायण, श्री तुगनाथ महादेव
18 अप्रैल, 01 मई, 04 मई, 07 मई, 10 मई, 16 मई, 22 मई, 25 मई, 28 मई, 02 जून, 06 जून, 15 जून 2026
राशिः-स्लीपर-21,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

चर्म रोग एवं एलर्जी क्लीनिक
स्थायी ईलाज
विशेषताएं- पुराना दाद एवं खुजली, बेमची, मुहांसे (पिंपल्स) सफेद दाग, एलर्जी वाली खुजली)
डॉ. राकेश साहू होम्योपैथिक विशेषज्ञ
सुबह 10 से 3 एवं शाम 5 से 8 बजे तक (मंगलवार बंद)
पता : हनुमान मंदिर के पास सिहावा चौक, धमतरी
मो. 86027-50020